23 नवम्बर 2012

जिला प्रशासन का गांव चन्दाना, (खण्ड कैथल) में रात्रि ठहराव कार्यक्रम।

उपलब्धियां

1. चन्दाना से कैथल रोड पर सीवरेज नाले का अंडर ग्राउंड निर्माण किया जाएगा, जिस पर एक करोड़ रूपये की राशि खर्च की जाएगी। यह कार्य जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा पूरा किया जाएगा।

2. गांव में भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र की आधारशिला रखी गई तथा ग्राम पंचायत को केन्द्र के निर्माण के लिए 10 लाख रूपये की राशि का चैक प्रदान किया गया।

3. गांव में पार्क को विकसित करने के लिए 30 लाख रूपये की राशि मंजूर की गई।

4. कन्या भ्रूण हत्या रोकने के अभियान के तहत पिछले एक वर्ष में पैदा हुई 63 लड़कियों की माताओं को शॉल देकर सम्मानित किया गया।

5. गांव की बेटी स्वीटी को मैट्रिक में 96 प्रतिशत अंक हासिल करने पर जिला प्रशासन की ओर से शॉल देकर सम्मानित किया गया तथा ओ.पी. जिन्दल ग्रामीण जन कल्याण संस्थान की ओर से स्नातक तक एक हजार रूपये प्रति मास आर्थिक सहायता मंजूर की गई।

6. समाज कल्याण विभाग द्वारा वृद्धावस्था सम्मान भत्ता योजना के तहत 120 आवेदन स्वीकार किए गए।

7. एस.डी.एम. कार्यालय द्वारा 88 लर्नर ड्राईविंग लाईसैंस तैयार किए गए तथा मौके पर ही उपलब्ध करवाए गए।

8. खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा 42 नए राशन कार्ड बनाए गए तथा मौके पर ही परिवारों को दिए गए।

9. जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा 737 पानी के कनैक्शन दिए गए।

10. बिजली विभाग द्वारा 60 घरेलू कनैक्शन दिए गए तथा 21 शिकायतों का मौके पर निपटारा किया गया।

11. इंदिरा प्रिय दर्शनी विवाह शगुन योजना के तहत 11 परिवारों को चैक प्रदान किए गए।

12. स्वास्थ्य विभाग द्वारा 670 मरीजों का उपचार किया गया तथा दवाईयां भी मुफत दी गई। इसके अतिरिक्त 207 लोगों के लैब टैस्ट किए गए तथा 30 लोगों का टीकाकरण किया गया।

13. पशुपालन विभाग द्वारा 208 पशुओं का उपचार किया गया।

14. 3 जन्म प्रमाण पत्र बनाए गए।

15. ओ.पी. जिन्दल ग्रामीण कल्याण संस्थान की ओर से गांव प्योदा की विकलांग लड़की को तिपहिया साईकिल प्रदान की गई तथा संस्थान की ओर से स्वास्थ्य शिविर लगाया गया।

16. उपायुक्त द्वारा गांव पंचायत की वैबसाईट लॉच की गई।

17. जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा लोगों को कानूनी रूप से साक्षर किया गया।